# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2019

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2019

## (ANNUAL / वार्षिक)

# PHILOSOPHY

समय :3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक:100

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. संकल्प- स्वातंत्रय का अर्थ क्या है ?

(a) आत्म नियंत्रण

(b) बाह्य नियंत्रण

(c) दैवी नियंत्रण

(d) इनमें से कोई नहीं

2. बौद्धधर्म के संस्थापक कौन हैं ?

(a) भगवान बुद्ध

(b) असंग

(c) वसुबन्धु

(d) नागार्जुन

BiharboardQuestionpaper.com

3. वस्तुवाद का सार निहित है।

(a) वस्तुएँ ज्ञाता से स्वतंत्र होती हैं

(b) वस्तुएँ ज्ञाता से स्वतंत्र नहीं होती हैं

(c) वस्तुएँ और ज्ञाता एक-दूसरे पर निर्भर करते हैं

(d) इनमें से कोई नहीं

4. भारतीय दर्शन की मूल प्रकृति है।

(a) मनोवैज्ञानिक

(b) प्राकृतिक

(c) आध्यात्मिक

(d) सामाजिक

5. "सर्वम् दुःखम्' कहा गया है

(a) बुद्ध द्वारा

(b) महावीर द्वारा

(c) शंकर द्वारा

(d) चार्वाक द्वारा

6. अरस्तु के अनुसार कारणों की संख्या कितनी स्वीकृत है ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

BiharboardQuestionpaper.com

7. सांख्य दर्शन में आत्मा को कहा जाता है

(a) जीव

(b) पुरुष

(c) ब्रह्म

(d) इनमें से कोई नहीं

8. कारण-कार्य सम्बन्ध की अनिवार्यता का निषेध करता है

(a) ह्यूम

(b) मिल

(c) बेन्थम

(d) इनमें से कोई नहीं

9. क्या लॉक संगत अनुभववादी है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) हाँ और नहीं दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

10. क्या ह्युम संदेहवादी है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) न तो हाँ और न नहीं

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

11. क्या जड़ तत्व परम तत्व के रूप में भौतिकवाद को स्वीकृत है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) संशयपूर्ण

(d) इनमें से कोई नहीं

12. योग का अर्थ है

(a) मिलन

(b) पृथक्करण

(c) नियंत्रण

(d) दमन

13. काण्ट के ज्ञान सिद्धान्त को कहा जाता है ?

(a) बुद्धिवाद

(b) अनुभववाद

(c) समीक्षावाद

(d) वस्तुवाद

14. जैन दर्शन के चौबीसवें तीर्थंकर कौन हैं ?

(a) पार्श्वनाथ

(b) ऋषभदेव

(c) महावीर

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

15. अद्वैत वेदान्त के अनुसार ज्ञान मुक्ति की ओर ले जाता है।

(a) सत्य

(b) असत्य

(c) सत्य और असत्य दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

16. "ईश्वर सबकुछ है और सबकुछ ईश्वर है" यह कथन किसका है ?

(a) स्पिनोजा

(b) लाइबनीज

(c) देकार्त

(d) लॉक

17. क्या वस्तुवाद का आधार, सामान्य ज्ञान है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) हाँ और नहीं दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

18. अनासक्त कर्म को कहा जाता है

(a) निष्काम कर्म

(b) काम्य कर्म

(c) निषिद्ध कर्म

(d) आसक्त कर्म

BiharboardQuestionpaper.com

19. ज्ञान के साधन को क्या कहा जाता है ?

(a) प्रमाता

(b) प्रमेय

(c) प्रमाण

(d) प्रमा

20. गीता का उपदेश किसने दिया है ?

(a) श्रीकृष्ण ने

(b) अर्जुन ने

(c) द्रोण ने

(d) विदुर ने

21. गीता में कुल कितने अध्याय है ?

(a) पाँच

(b) दस

(c) पंद्रह

(d) अट्ठारह

22. क्या शंकर के अनुसार आत्मा और ब्रहमा तादात्म्य है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) पृथक

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

23. अद्वैत वेदान्त के प्रवर्तक हैं

(a) शंकर

(b) रामानुज

(c) मध्व

(d) निम्बार्क

24. क्या शंकर के अनुसार जगत पूर्णतः असत्य है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) संदेहपूर्ण

(d) इनमें से कोई नहीं

25. नीतिशास्त्र का अंग्रेजी अनुवाद क्या है ?

(a) इथोस

(b) मोरेस

(c) एथिक्स

(d) इनमें से कोई नहीं

26. मूर समर्थक हैं

(a) वस्तुवाद के

(b) प्रत्ययवाद के

(c) अस्तित्ववाद के

(d) सारतत्ववाद के

BiharboardQuestionpaper.com

27. पदार्थ की अवधारणा सम्बन्धित है।

(a) न्याय से

(b) वैशेषिक से

(c) सांख्य से

(d) योग से

28. क्या ऋत् एक वैदिक सम्प्रत्यय है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) हाँ और नहीं दोनों

(d) इनमें से कोई नहीं

29. 'दर्शन' शब्द का अंग्रेजी रूपान्तरण है

(a) मेटाफिजिक्स

(b) एपीस्टेमोलॉजी

(c) फिलॉसफी

(d) एथिक्स

30. बुद्धिवाद के समर्थक कौन है ?

(a) देकार्त

(b) स्पिनोजा

(c) लाइबनीज

(d) उपरोक्त सभी

Biharboardquestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

31. बौद्ध दर्शन के द्वारा स्वीकृत प्रमाणों की संख्या है

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

32. पुरुषार्थ के कितने प्रकार विवेचित हैं ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पांच

33. कारण के गुणात्मक लक्षण हैं

(a) पूर्ववर्ती

(b) नियत

(c) अनोपाधिक

(d) उपरोक्त सभी

34. आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद के समर्थक कौन है ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) काण्ट

BiharboardQuestionpaper.com

35. मन-शरीर सम्बन्ध की व्याख्या होती है

(a) अन्तर्क्रियावाद के द्वारा

(b) सामानान्तरवाद के द्वारा

(c) पूर्व-स्थापित सामंजस्य के द्वारा

(d) उपरोक्त सभी

36. "कारण भावात्मक तथा अभावात्मक दोनों उपाधियों का योग है।" यह कथन है

(a) मिल का

(b) ह्यूम का

(c) अरस्तू का

(d) इनमें से कोई नहीं

37. लोकसंग्रह का सम्प्रत्यय सम्बन्धित है

(a) गीता से

(b) उपनिषद् से

(c) पुराण से

(d) वेद से

38. सांख्य के अनुसार प्रकृति के निर्वाचक तत्व कितने हैं ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

BiharboardQuestionpaper.com

39. न्यायसूत्र के लेखक कौन हैं ?

(a) गौतम

(b) कणाद

(c) कपिल

(d) जैमिनी

40. सत्तामूलक प्रमाण को पूर्ण स्पष्टता के साथ व्यक्त किया है।

(a) संत एनसेल्म ने

(b) संत थॉमस एक्वीनस ने

(c) काण्ट ने

(d) इनमें से कोई नहीं

41. इनमें से कौन एक दर्शनशास्त्र की शाखा है ?

(a) शिक्षा दर्शन

(b) भारत दर्शन

(c) बिहार दर्शन

(d) इनमें से कोई नहीं

42. "दृश्यते अनन इति दर्शनम्" परिभाषा है

(a) अर्थशास्त्र की

(b) तर्कशास्त्र को

(c) दर्शनशास्त्र की

(d) भूगर्भशास्त्र की

BiharboardQuestionpaper.com

43. पर्यावरण सम्बन्धित है

(a) मनुष्य

(b) पशु

(c) वनस्पति

(d) उपरोक्त सभी

44. "कारण और कार्य बराबर होते हैं।" यह कारण का लक्षण है

(a) गुणात्मक

(b) परिमाणात्मक

(c) संख्यात्मक

(d) इनमें से कोई नहीं

45. रामानुज का दर्शन क्या कहलाता है ?

(a) विशिष्टाद्वैत

(b) अद्वैत

(c) द्वैताद्वैत

(d) द्वैतवाद

46. 'वस्तुएँ ज्ञात होने के लिए ज्ञाता पर पूर्णतः आश्रित है।' यह कथन है

(a) प्रत्ययवाद का

(b) वस्तुवाद का

(c) समीक्षावाद का

(d) बुद्धिवाद का

Biharboardquestionpaper.com

47. गीता का केन्द्रीय उपदेश क्या है ?

(a) कर्मयोग

(b) ज्ञानयोग

(c) भक्तियोग

(d) राजयोग

48. 'दृश्यते इति वर्तते' उक्ति किसने दी हैं ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) प्रूम

(d) काण्ट

49. अनेकान्तवाद सम्बन्धित है

(a) जैन दर्शन से

(b) बौद्ध दर्शन से

(c) चार्वाक दर्शन से

(d) न्याय दर्शन से

50. लाइबनीज स्वीकार करता है

(a) समानान्तरवाद

(b) पूर्व-स्थापित सामंजस्य

(c) अन्तर्क्रियावाद

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 25 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। अधिकतम 50 शब्दों में उत्तर दें।

1. भारतीय दर्शन के कितने सम्प्रदाय स्वीकृत हैं ?

2. आस्तिक और नास्तिक का अर्थ निर्धारित करें।

3. स्वधर्म से आप क्या समझते हैं ?

4. अनासक्त कर्म पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

5. बौद्ध दर्शन के अनुसार प्रथम आर्य सत्य क्या है ?

6. स्याद्वाद का अर्थ बतावें।

7. न्याय के अनुसार प्रमाणों की संख्या कितनी है ?

8. प्रकृति के तीन गुणों के नाम बतायें।

9. पदार्थ की परिभाषा दें।

10. क्या जगत् पूर्णतः असत्य है ? व्याख्या करें।

11. माया के दो कार्यों को बतावें।

12. बुद्धिवाद के अनुसार ज्ञान की परिभाषा दें।

13. अनुभववाद से आप क्या समझते हैं ?

14. काण्ट के आलोचनात्मक दर्शन को रेखांकित करें।

15. अरस्तू के उपादान कारण की चर्चा करें।

16. .....हमेशा ही कार्य का पूर्ववर्ती होता है।' सिद्ध करें।

17. क्या ईश्वर व्यक्तित्वपूर्ण है ?

18. पूर्व स्थापित सामंजस्य सिद्धान्त क्या है ?

19. वस्तुवाद की एक परिभाषा दें।

20. व्यावसायिक नीतिशास्त्र क्या है ?

BiharboardQuestionpaper.com

21. ......पर्यावरणीय नीतिशास्त्र का अध्ययन प्रासंगिक है ?

22. शिक्षा दर्शन की एक विशेषता पर प्रकाश डालें।

23. भारतीय दर्शन में कितने प्रमाण स्वीकृत हैं ?

24. पुरुषार्थ के रूप में धर्म की व्याख्या करें।

25. योगज प्रत्यक्ष क्या है ?

प्रश्न संख्या 26 से 33 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दें। अधिकतम 100 शब्दों में उत्तर दें।

26. पुरुषार्थ के रूप में अर्थ और काम की व्याख्या करें।

27. वैशेषिक के समवाय-पदार्थ की विवेचना करें।

28. ज्ञान-विषयक सिद्धान्त के रूप में अनुभववाद पर प्रकाश डालें।

29. वस्तुवाद के पक्ष में तर्क दीजिए।

30. गीता के निष्काम कर्म की व्याख्या करें।

31. परम तत्व के सिद्धान्त के रूप में भौतिकवाद की समीक्षा करें।

32. आत्मा-विषयक अद्वैत दृष्टि का संक्षिप्त विवरण दें।

33. व्यावसायिक नीतिशास्त्र के स्वरूप की व्याख्या करें।

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com